Regarding railway related issues of Bharuch Parliamentary Constituency, Gujarat.-laid

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा **(भरूच) :** मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच में स्थित दाहेज के रूप में देश की सबसे बड़े इंडस्ट्रियल कॉरिडोर PCPIR (पेट्रोकेमिकल और पेट्रोकेमिकल इंवेस्टमेंट रीजन) का विस्तार हो रहा है । यहाँ पर एक ही जिले के अंतर्गत नौ इंडस्ट्रियल एरिया एवं तकरीबन 20 हजार की संख्या में लार्ज स्केल, मीडियम स्केल एवं स्मॉल स्केल की औद्योगिक इकाइयां स्थित हैं जिनमें बड़ी संख्या में देश के विभिन्न प्रांतों से कर्मचारी एवं मजदूर तथा व्यवसायी काम के लिए विभिन्न स्थानों से आकर भरुच में निवास करते हैं । इन सभी लोगों का ज्यादातर आवागमन रेलवे के माध्यम से ही होता है और भरूच रेलवे स्टेशन से विशेषकर होता है । इन परिवारों के वृद्ध एवं बीमार जन भी रेल से ही आवागमन करते हैं । लेकिन इन स्टेशनों पर कोई एस्केलेटर और लिफ्ट मौजूद नहीं है जिसकी वजह से वृद्ध एवं बीमार लोगों को काफी कठिनाई होती है । भरूच रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस (मुंबई सैन्ट्रल ? गांधी नगर) (ट्रेन नंबर 20901/20902) को स्टॉपेज देने से भी यात्रियों को सुविधा रहेगी । इसके साथ ही सरकार से मेरा आग्रह है कि भरूच से औद्योगिक शहर दाहेज तक पहले से मौजूद रेलवे लाइन पर फिर से ट्रेनों के संचालन हेतु आदेश देने में सहयोग प्रदान करें ।